**प्रेस** विज्ञप्ति

# आव्रजन संबंधी धोखाधड़ी पर कार्रवाई करना

27 मार्च, 2024 मीडिया पूछताछ

## अल्बर्टा सरकार बढ़ती आव्रजन धोखाधड़ी का समाधान करने के लिए अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम (Alberta Advantage Immigration program) से जुड़ी धोखाधड़ी-सुरक्षा को मजबूत करके उसका विस्तार कर रही है।

कानून प्रवर्तन करने वालों, हितधारकों, संघीय आव्रजन प्राधिकारियों और प्रांतों तथा विभिन्न टेरिटरीज की ओर से आव्रजन धोखाधड़ी के स्तर और परिष्कृत तौर-तरीकों में बढ़ोतरी की जानकारी दी जा रही है, जिसका अल्बर्टा को अपना निवास-स्थान बनाने की आशा रखने वाले लोगों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम (Alberta Advantage Immigration program) में धोखाधड़ी-रोधी व्यवस्थाएं पहले से ही मौजूद हैं और सरकार नवागंतुकों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय कर रही है। विस्तारित धोखाधड़ी-रोधी उपायों में धोखाधड़ी का पता लगाना, विशिष्ट छानबीन विशेषज्ञता, और प्रवासियों के लिए सुरक्षा बढ़ाने और सकारात्मक आर्थिक आव्रजन यानी आप्रवासन परिणामों की बेहतर सुरक्षा के लिए रोज़गार-ऑफर पात्रता और सत्यापन सीमाओं को मजबूत करना शामिल है।

इन नए उपायों के साथ-साथ, अल्बर्टा सरकार आव्रजन धोखाधड़ी का समाधान करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों, अन्य प्रांतों तथा टेरिटरीज और संघीय सरकार के साथ काम करना जारी रखेगी।

“आर्थिक आव्रजन हमारे प्रांत की समृद्धि के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। धोखाधड़ी से संबंधित परिष्कृत तौर-तरीकों और उसके स्तर में वृद्धि से निपटने के लिए हम अपने समुदायों, उद्योगों और नियोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा अल्बर्टा की अर्थव्यवस्था के विकास का समर्थन करते रहेंगे। इससे हमें यह भी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि हम अल्बर्टा के नवागंतुकों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं।”

*मुहम्मद यासीन, आप्रवासन और बहुसंस्कृतिवाद मंत्री (मिनिस्टर ऑफ इमिग्रेशन एंड मल्टीकल्चरलिज्म)*

"अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम (Alberta Advantage Immigration program) हमारे ग्रामीण समुदायों में श्रमिकों की कमी का कुछ हद तक समाधान करने के साधन के तौर पर अविश्वसनीय परिणाम दर्शा रहा है। इसके परिणामस्वरूप, हमारे लोग छोटे शहरों में अनेक योग्यता प्राप्त श्रमिकों को उनके परिवारों सहित आकर्षित करने में सफल हो सके हैं। नगरपालिका के ऐसे कर्मचारी जो इन प्रोग्रामों में अग्रणी भूमिका निभाते हैं, से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है और धोखाधड़ी करने की अपरिहार्य कोशिशों के कारण इनको जोखिम का सामना करना पड़ सकता है, जो दुर्भाग्यवश इसके साथ जुड़ा ही रहता है। इन मुद्दों के समाधान के लिए मंत्री महोदय द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों के लिए हम उनकी सराहना करते हैं ताकि हमारे लोग स्थानीय जॉब्स के साथ-साथ नवागतुकों की सेवाओं को प्राप्त करने पर ध्यान केन्द्रित कर सकें।"

*जिम विलेट, अध्यक्ष, साउथग्रो रीजनल इनिशिएटिव*

## **अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम** (Alberta Advantage Immigration program)

अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम (Alberta Advantage Immigration program) एक आर्थिक इमिग्रेशन प्रोग्राम है जिसमें श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए प्रतिभाशाली, मांग में रहने वाले कामगारों और साथ ही कारोबार आरम्भ करने और विकास करने की इच्छा रखने वाले उद्यमियों को आकर्षित किया जाता है ताकि अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सके और उसको विकास की राह पर ले जाया जा सके। यह प्रोग्राम संघीय सरकार के सहयोग से संचालित है, और इस प्रोग्राम के ज़रिए अल्बर्टा सरकार इन-डिमांड यानी मांग वाले व्यक्तियों को नामित करके प्रांतीय श्रम बाजार की चुनौतियों और कमियों को दूर करने में सक्षम होती है।

2023 में, विभिन्न प्रांतों के बीच अल्बर्टा में रोज़गार की दर उच्चतम थी, और अल्बर्टा में कुल रोज़गार के संदर्भ में 80 प्रतिशत से अधिक रोज़गार पूर्णकालिक रोजगार थे। अनेक उद्योगों में आज भी श्रमिकों की कमी बनी हुई है और अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम (Alberta Advantage Immigration program) से नियोक्ताओं को अपनी जरूरतों के मुताबिक श्रमिकों को खोजने में मदद मिलती है।

# त्वरित तथ्य

- आव्रजन धोखाधड़ी में निम्नलिखित शामिल हैं:
  - **जॉब ऑफर के लिए फीस लेना** यदि किसी नियोक्ता या रोज़गार एजेंसी द्वारा किसी भी प्रकार की फीस
    ली जाती है, तो अल्बर्टा सरकार मददगार साबित हो सकती है। हमारी 310-0000 सूचना लाइन पर कॉल करें और
    रोज़गार मानकों Employment Standards) या अस्थाई विदेशी कामगार सलाहकार कार्यालय (Temporary Foreign Worker Advisory Office) के लिए पूछें।

    - एएआईपी एप्लिकेशन यानी आवेदन पर **झूठी या भ्रामक जानकारी** को गलत-बयानी माना जाता है। गलत, भ्रामक, धोखाधड़ीपूर्ण जानकारी के परिणामस्वरूप नामिती के आवेदन को अस्वीकार किया जा सकता है और आवेदक को (पुन:)आवेदन करने से पांच वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है।
    - **तीसरे पक्ष द्वारा कदाचार।** जब आवेदक की तरफ से काम करते हुए, तीसरा-पक्ष भर्तीकर्ता या आप्रवासन प्रतिनिधि अवैध, अनधिकृत, भ्रामक और/या अन्य गैर-पेशेवर व्यवहारों में शामिल होता है।
- एएआईपी के मौजूदा धोखाधड़ी-रोधी तथा प्रोग्राम सत्यनिष्ठा सुरक्षा टूल्स (Program intergrity protection tools) में निम्नलिखित शामिल हैं:
    - नियोक्ता साइट की विजिट्स और अनेक स्रोतों के माध्यम से जॉब ऑफर, संदर्भ पत्रों, शिक्षा और भाषा परीक्षा दस्तावेज़ों का सत्यापन।
    - एक आवेदन या अनेके आवेदनों से जुड़े कारोबारों या आव्रजन प्रतिनिधियों की वैधता तय करने के लिए डेटा का विश्लेषण और अन्य संगठनों के साथ काम करना।
    - पात्रता को लेकर नकारात्मक निर्णयों को चुनौती देने वाले पुनर्विचार अनुरोधों की निष्पक्ष समीक्षा।
    - प्रभावी जोखिम प्रबंधन, गुणवत्ता आश्वासन, और धोखाधड़ी रोकने और पता लगाने की रीतियों का एकीकरण।

## संबंधित जानकारी

- अल्बर्टा एडवांटेज इमिग्रेशन प्रोग्राम (एएआईपी)
- एएआईपी आवेदन स्ट्रीम्स

## मीडिया पूछताछ


### माइकल क्रास

780-264-5368
प्रेस सचिव, इमिग्रेशन और मल्टीकल्चरिज्म